दिन– रविवार

दिनांक– 06/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

---

रामनवमी का पर्व आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। रामनवमी को लेकर पटना जंक्शन स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर में लोग विशेष पूजा–अर्चना करने पहुंच रहे हैं । प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में भी लोग भगवान श्री राम और भक्त राज हनुमान की पूजा कर रहे हैं । रामनवमी के अवसर पर आज जगह जगह भव्य शोभा यात्रा निकाली जा रही है । पटना के डाक बंगला चौराहे पर आज रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया है । जहां रामनवमी जुलूस के अखाड़े और शोभा यात्राएं पहुंचेंगी । राज्य के अन्य हिस्सों में भी भव्य शोभा यात्राएं निकाली जा रही है ।

——————————————————————————

इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य राजनीतिज्ञों ने भी प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी है। बिहार विधान सभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने भी पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

——————————————————————————

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन आज देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा–अर्चना हो रही है। मान्यताओं के अनुसार माँ का यह स्वरूप सिद्धियों को प्रदान करने वाला होता है। इस दिन मां दुर्गा अपने भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुबह से लंबी–लंबी कतारें लगी हुई है। कई जगहों पर सामूहिक कन्या पूजन का भी आयोजन किया जा रहा है।

---

भारतीय जनता पार्टी आज अपना छियालीस वां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया। इधर, प्रदेश में भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर पटना स्थित प्रदेश मुख्यालय में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने पार्टी का झंडा फहराया। डॉ जायसवाल ने इसके बाद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय सहित कई वरिष्ठ नेता इस अवसर पर उपस्थित थे।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू  ने वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही अधिसूचना जारी होने के बाद यह विधेयक अब कानून बन गया है। संसद ने इस विधेयक को इसी सप्ताह पारित किया था। लोकसभा में इस विधेयक के पक्ष में दो सो अट्ठासी और विपक्ष में दो सौ बत्तीस वोट पड़े थे। राज्यसभा में एक सौ अट्ठाईस सदस्यों ने इसके पक्ष में और पंचानवे ने विरोध में मतदान किया था। राष्ट्रपति ने मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक, दो हजार पच्चीस को भी स्वीकृति दे दी है।

---

राज्य में उत्तर–पश्चिमी हवाओं की गति कम होने के कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। इधर,. बंगाल की खाड़ी में हवा का कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसके कारण अगले चौबीस घंटों के दौरान मौसम में बदलाव होगा। मौसम विभाग ने कल से सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, वैशाली और समस्तीपुर में तेजी से बदलाव की संभावना जताई है। इससे बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

---

पश्चिमी चंपारण जिले के वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व के जंगलों में भीषण आग लगने से करीब छह एकड़ जंगल जलकर राख हो गया है। आग बुझाने पहुंची वन कर्मियों की टीम ने कड़ी मशक्क़त क़र आग पर काबू पा लिया है।

———————————————————————————

समाप्त